## श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )

बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक:एफ-3/02/एलबीएस/शै०/2023-24/ 491 दिनांक: 18/09/2023

### कार्यालयीय सूचना

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में सभी पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक नियमपरिचायिका में प्रदत्त उपस्थिति नियमों का सभी छात्रों द्वारा पूर्ण रूप से अनुपालन करना अनिवार्य है। उपस्थिति से संबंधित महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं का विवरण निम्न प्रकार से है-

1. विश्वविद्यालय की प्रत्येक कक्षा में प्रविष्ट छात्र की नियमित-उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति-प्रपत्र विभागाध्यक्ष एवं पीठम्प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरित तथा परीक्षित कर प्रतिमाह तृतीय-कार्यदिवस तक अनिवार्यरूप से पीठप्रमुख के कार्यालय में जमा कराना आवश्यक होगा।
2. प्रति-सेमेस्टर जिस छात्र की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, वह छात्र परीक्षा में बैठने का पात्र नहीं होगा।
3. बी.ए. (योग) एवं एम.ए. (योग) में प्रविष्ट-छात्रों को प्रायोगिक-कक्षा तथा सैद्धान्तिक-कक्षा में पृथक्-पृथक् से 75% उपस्थिति प्राप्त करनी अनिवार्य होगी।
4. बिना लिखित प्रार्थना-पत्र के 10 दिन तक लगातार अनुपस्थित रहने पर छात्र का नाम निरस्त कर दिया जायेगा।
5. एक शैक्षणिक-सत्र में आकस्मिक एवं चिकित्सकीय-अवकाश 75 प्रतिशत की उपस्थिति में जोड़े नहीं जायेंगे इनका उपयोग छात्र का नामांकन निरस्त न हो इस सम्बन्ध में किया जा सकेगा।
6. **एन.सी.सी. के छात्र-छात्राओं को शिविर में जाने की सूचना एन.सी.सी. प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर शिविर एवं विशेष-कक्षा आदि की अवधि में विश्वविद्यालय में उपस्थित माना जायेगा। यह सूचना शैक्षणिक-अनुभाग कार्यालय में** शिविर-समाप्ति के एक सप्ताह के अन्दर भेजा जाना आवश्यक होगा।

उपस्थिति नियमों का अनुपालन ना करने की स्थिति में संबंधित विभाग एवं संबंधित छात्र स्वयं उत्तरदायी होगा।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिमकार्यवाही हेतु प्रेषित:-**

1. संबंधित पीठ प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. संबंधित अध्यापक
3. कुलपति के निजी सचिव
4. कुलसचिव के निजी सचिव
5. निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.
6. कुलानुशासक
7. एन.सी.सी. अधिकारी (छात्र एवं छात्रा वर्ग)
8. प्रभारी (क्रीड़ा विभाग)
9. छात्रावास अधिष्ठाता
10. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अंकित करने का कष्ट करें।
11. समस्त छात्र छात्राएं
12. सम्बन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

For n/a Pl.

18/9/2023

Sh. Sachin

18/09/23